# उत्तर प्रदेश विधान सभा

## Third Session -2025

## 24 December, 2025

----

**कुल प्रश्न** - 20

----

18/12/3 *1 Dr. Ragini (Machhlishahr):

0 Energy, Additional Sources of Energy क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बिजली की मांग और उत्पादन में असमानता होने के कारण आमजन को विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो पा रही है? क्या सरकार उक्त कमी को दूर करने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/7 *2 **श्री अनिल प्रधान (चित्रकूट):**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बिजली के स्मार्ट मीटर के तेज चलने के फलस्वरूप उपभोक्ताओं से मनमानी बिजली बिल वसूली की जानकारी सरकार के संज्ञान में है? यदि हां, तो क्या सरकार बताएगी की 1 अप्रैल 2025 से 31 अगस्त 2025 तक प्रदेश में कितने स्मार्ट मीटर लगाए गए एवं मीटरों के तेज चलने की कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं? क्या सरकार उक्त शिकायतों के निराकरण हेतु कोई ठोस कार्य योजना बनाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/12 *3 Shri Mahendra Nath Yadav (Basti Sadar):

0 Energy, Additional Sources of Energy क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विद्युत के लो-वोल्टेज की बढ़ती समस्या के निवारण के लिए

कोई योजना सरकार ने बनाई है? यदि हां, तो क्या? क्या सरकार यह भी बताएगी कि प्रदेश में जिन स्थानों पर बाँस या बल्ली के सहारे विद्युत तार खींचे गये हैं उन स्थानों पर विद्युत पोल लगवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/16 *4 **श्री पंकज पटेल (मुंगरा बादशाहपुर):**

**नगर विकास** [02-**सोमवार के तारांकित प्र0 सं0**-01 **के अन्तर्गत स्थानान्तरित।**]क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जन्म प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया में आम जनमानस को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार उक्त के सरलीकरण हेतु कोई कार्ययोजना बनाई है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/17 *5 **Shri Samarpal Singh (Naugawan Sadat):**

0 **Finance and Parliamentary Affairs** क्या वित्त मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सरकार को टैक्स के अतिरिक्त आय के स्रोत क्या हैं? क्या सरकार बतायेगी कि प्रदेश के ऐसे कौन-कौन से उपक्रम हैं जो आय अर्जित कर सरकार की आय में वृद्धि करते हैं? क्या सरकार प्रदेश की आय बढ़ाने व जनता पर टैक्स का भार कम करने हेतु कोई कार्ययोजना बनायेगी? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/19 *6 **श्री तुफानी सरोज (केराकत):**

**वन एवं पर्यावरण** [02-**मंगलवार के तारांकित प्रश्न सं0**-01 **के अन्तर्गत स्थानान्तरित।**]क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में मोबाइल टावर के रेडिएशन से होने वाले नुकसान से आम जनमानस को सुरक्षित रखने के लिए दिनांक 1 अप्रैल, 2019 से 31 जनवरी, 2025 के मध्य कोई सुरक्षा उपकरणों की स्थापना सरकार ने कराई है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/21 *7 **Shri Ashu Malik (Saharanpur):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर विकास विभाग द्वारा संचालित स्मार्ट सिटी मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, सीसी नाला व सीवर, सड़क एवं पेयजल आपूर्ति, अर्बन फ्लड प्रबंधन, पार्क एवं हरित क्षेत्र विकास, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा स्ट्रीट लाइट जैसी योजनाओं का उद्देश्य शहरी नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक जीवन उपलब्ध कराना है, परंतु नगर निगमों द्वारा नागरिकों से अधिक कर वसूले जाने

के बाद भी उक्त योजनाओं द्वारा अपेक्षित जीवन-स्तर नहीं मिल पा रहा है? क्या सरकार बताएगी कि उक्त का प्रभावी क्रियान्वयन कर शहरों को बेहतर बनाने की प्रभावी नीति है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/26 *8 **Dr. Rakesh Kumar Verma Alias Dr. R. K. Verma (Raniganj):**

0 **Forest and Environment** क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जल एवं वायु की गुणवत्ता सूचकांक लगातार बढ़ने के कारण आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है? क्या सरकार ने बढ़ते जल एवं वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए कोई कार्य योजना बनाई है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/28 *9 **Er. Sachin Yadav Urf Jakhai (Jasrana):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में लोक निर्माण विभाग को कुल कितनी धनराशि आवंटित की गयी तथा उक्त के सापेक्ष कुल कितनी धनराशि व्यय की गयी एवं आवंटित बजट में से विशेषकर सड़को के मरम्मत कार्य, नव निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्यों में कितनी धनराशि खर्च की गयी? क्या सरकार प्रदेश की विकास में पिछड़ी विधान सभाओं में सड़कों के मरम्मत कार्य, नव निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य कराने के लिये विशेष योजना बनाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/42 *10 **श्री स्वामी ओउ्मवेश (चाँदपुर):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के अन्य जिला मार्ग जिनकी चौड़ाई 03 मी0 से 03.50 मीटर मात्र होने के कारण इन मार्गों पर वाहनों का अत्यधिक दबाव होने से क्षतिग्रस्त मार्ग की चौड़ाई कम होने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है? यदि हां, तो क्या सरकार प्रदेश के उक्त मार्गों का 07 मीटर चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने की योजना पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/47 *11 **Dr. Hriday Narayan Singh Patel (Sagri):**

0 **Energy, Additional Sources of Energy** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में लगे ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि न होने के कारण ओवरलोड होने से पुराने ट्रांसफार्मर बार-बार जल रहे हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ट्रान्सफार्मरों को उच्चीकृत कराए जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/12/61 *12 **डॉ0 संग्राम यादव (अतरौलिया):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जर्जर सड़कों की मरम्मत हेतु कोई नीति है? यदि हां, तो क्या? क्या सरकार को जानकारी है कि भारी बारिश के कारण प्रदेश की सड़कें उखड़/गड्ढायुक्त हो गयी है? यदि हां, तो क्या सरकार एक निश्चित समयावधि में सड़कों की मरम्मत करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/68 *13 Mohd. Faheem Irfan (Bilari):

0 **Public Works Department** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सड़क निर्माण हेतु जाड़ा, गर्मी व बरसात आदि मौसमों से बेअसर सड़क निर्माण की कोई तकनीक उपलब्ध है? यदि हां, तो इस तकनीक का सड़क निर्माण में शत-प्रतिशत प्रयोग सरकार करेगी? यदि नहीं, तो क्या सरकार ऐसी तकनीक की खोज हेतु सरकार के स्तर से कोई प्रयास जारी हैं? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/75 *14 **श्री पंकज मलिक (चरथावल):**

**गन्ना विकास एवं चीनी मिलें** क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिले मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किसानो का वित्तीय वर्ष 24-25 एवं 25-26 में कितना गन्ना भुगतान अवशेष है? क्या सरकार बढ़ती कृषि लागत व महंगाई के दृष्टिगत गन्ना किसानों के हितार्थ गन्ने का राज्य परामर्शित मूल्य बढ़ाएगी? यदि हां, तो कब तक? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि गन्ने की जो किस्म रोगग्रस्त होकर खत्म होती जा रहीं हैं, उन्हें बचाने हेतु सरकार कोई उपाय करेगी? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/78 *15 Shri Atul Pradhan (Sardhana):

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के नगर निकायों मे संविदा पर कार्यरत सफाई कर्मियों को स्थायी करने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/114 *16 Smt. Pinki Singh (Asmoli):

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में गड्ढा मुक्ति अभियान के अंतर्गत गड्ढा मुक्त की गई सड़कों में पुनः गड्ढे हो जाने के लिए जिम्मेदार कितने लोगों पर धन के दुरुपयोग हेतु विगत पांच वर्षों में दंडात्मक कार्यवाही की गई? क्या इस धन के दुरुपयोग की पुनरावृत्ति रोकने

हेतु सरकार की ओर से कोई योजना प्रचलित अथवा प्रस्तावित है? यदि हां, तो योजना का स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/127 *17 **Shri Shazil Islam Ansari (Bhojipura):**

0 **Sugarcane Development and Sugar Industry** क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की गन्ना मिलों पर गन्ना खरीद मूल्य एवं गन्ना विकास समितियों की कितनी कमीशन धनराशि वर्तमान में चीनी मिलों पर बकाया है? क्या गन्ना किसानों एवं गन्ना विकास समितियों की आर्थिक स्थिति के मद्देनजर किसी निश्चित अवधि में उक्त बकाया धनराशि सरकार दिलाएगी? यदि नहीं,तो क्यों?

----

18/12/164 *18 **Dr. Pallavi Patel (Sirathu):**

0 **Forest and Environment** क्या वन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में तालाबों के किनारे फलदार पेड़ों के वृक्षारोपण की सरकार की योजना है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/291 *19 **Shri Tribhuwan Dutt (Alapur):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने का कृपा करेंगे कि प्रदेश में नगर पंचायत/नगर पालिका के अधिशासी अधिकारियों के पदों पर प्रतिनियुक्ति से हुई नियुक्यों‍ंके कारण नियमित अधिशासी अधिकारियों का प्रमोशन प्रभावित हुआ है? यदि हां, तो उक्त के निराकरण हेतु कोई कार्यवाही की गई? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/12/315 *20 **श्री अरमान खान (लखनऊ पश्चिम):**

**आवास एवं शहरी नियोजन** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान में कुल कितने रियल स्टेट कम्पनियां पंजीकृत हैं? क्या सरकार बतायेगी कि विभिन्न प्रोजेक्टस के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई हड़पने वाले कितने बिल्डर्स/रियल स्टेट कम्पनियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की गई है? क्या सरकार निर्धारित नियमावली के विरूद्ध निर्माण करके जनता का पैसा हड़पने/फंसाने वाले बिल्डर्स/कम्पनियों के खिलाफ व जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों पर कानून बनाकर कार्यवाही करके जनता का पैसा वापस करवाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----